CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 27 □ अंक- 295 □ रायपुर, मंगलवार 19 नवम्बर 2024 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## एक बार फिर डबल मर्डर से दहला रायपुर गैंगवार में चाकू गोदकर 2 लोगों की हत्या

**रायपुर,** 19 नवंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में अपराधों में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है, आए दिन चाकूबाजी, लूटपाट, हत्या और दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे है, वहीं एक और हत्या का मामला राजधानी रायपुर से सामने आ रहा है, यहां सोमवार की शाम दो गुटों के बीच हुए गैंगवार के बाद दो लोगों के मर्डर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मामला विधानसभा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित आमासिवनी स्थित विदेशी शराब दुकान में खाने-पीने के दौरान दो गुटों में विवाद हुआ। विवाद बढ़ने के बाद बदमाशों ने रोहित सागर नामक युवक की हत्या कर दी। ये पूरी वारदात शराब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें युवक चाकू और लाठी से वार करते दिख रहे हैं। रोहित सागर को हरीश साहू और उसके अन्य साथियों ने विवाद के बाद मारकर हत्या कर दी थी। रोहित सागर के मर्डर की सूचना मिलते ही गैंग के लड़के गुस्से में आ गए। इस वारदात के बाद हत्या का बदला लेने बड़ी संख्या रोहित सागर गैंग के लड़के मिनी ट्रक से आमासिवनी इलाके में हरीश साहू के घर पहुंचे। इस दौरान आरोपियों ने हरीश को घर से घसीटकर निकाला। किडनैप कर करीब 3 किलोमीटर दूर खालबाड़ा ले गए। लड़कों ने खालबाड़ा में हरीश की जमकर पिटाई करने के बाद उस पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या करने के बाद फरार हो गये। बताया जा रहा है कि पहली हत्या रात 8 से 9 बजे के आसपास की हुई। मामले में पुलिस जांच कर ही रही थी, इसी बीच 2 घंटे के बाद हरीश साहू का घर से अपहरण कर उसकी हत्या की जानकारी पुलिस को मिली। पुलिस ने मौके से दोनों युवकों की लाश बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए मेकाहारा भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद लाश परिजनों को सौंपी जाएगी। इस पूरी वारदात को लेकर स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। पुलिस ने हत्या की इस वारदात पर अपराध दर्ज कर हत्या की वारदात में शामिल तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, वहीं अन्य आरोपियों की शिनाख्त कर उनकी धरपकड़ शुरू कर दी है।



सीसीटीवी फुटेज आया सामने

## प्रदेश में स्कूलों के पास तंबाकू उत्पाद बिकने पर हाईकोर्ट सख्त

**बिलासपुर,** 19 नवंबर (हाईवे चैनल)। प्रदेश में स्कूलों के पास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है, कोर्ट ने राज्य सरकार की तरफ से मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर इस मुद्दे पर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की युगलपीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि बच्चे ड्रग एडिक्ट हो जाएंगे तो क्या होगा ? उन्होंने पूछा, कि कोटपा कानून है तो उसका पालन होना चाहिए कि नहीं ?




मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर शपथ पत्र में मांगा जवाब

मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, मीडिया में आई खबरों को लेकर से पता चला है कि बिलासपुर में सरकारी और निजी स्कूलों के पास सड़क के स्टॉल पर तंबाकू उत्पाद खुलेआम बेचे जा रहे हैं। इन रिपोर्टों ने बताया कि कैसे इस तरह की गतिविधियाँ स्कूलों के आसपास के वातावरण को खराब कर रही हैं और छात्रों पर इसका नकारात्मक प्रभाव हो है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिकारियों से जवाब मांगा। महाधिवक्ता ने सोमवार की सुनवाई में शासन का पक्ष रखते हुए शपथ पत्र में जानकारी दी कि 15 नवंबर 2024 के आदेश का परिपालन करते हुए बिलासपुर जिला प्रशासन द्वारा कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर पेनल्टी समेत अन्य कार्रवाई की गई है और गंभीरता से कोटपा कानून का पालन कराया जा रहा है। गौरतलब है कि चीफ जस्टिस की डबल बेंच ने इस पूरे मामले में मुख्य सचिव और बिलासपुर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की तरफ से शपथ पत्र के साथ जवाब मांगा है। इस मामले में अब 5 दिसंबर को सुनवाई होगी।

### ब्रेकिंग न्यूज

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'शक्ति स्थल' पहुंचकर इंदिरा गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। राहुल ने एक्स पर भावुक पोस्ट कर दादी को हिम्मत और मोहब्बत की मिसाल बताया। वहीं, प्रियंका ने जाति आधारित जनगणना और आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने का जिक्र कर दादी को श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, दादी हिम्मत और मोहब्बत दोनों की मिसाल थीं। उन्हीं से मैंने सीखा है कि निडर होकर देशहित के रास्ते पर चलते रहना असली ताकत है। उनकी यादें मेरी शक्ति हैं, जो हमेशा मुझे राह दिखाती हैं। प्रियंका गांधी ने बताया कि जाति आधारित जनगणना और आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने की मांग करके इंदिरा गांधी के ही विचारों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, मेरी दादी श्रीमती इंदिरा गांधी जी अपने चुनाव अभियान की शुरुआत हमेशा महाराष्ट्र के नंदुरबार से करती थीं। वे मानती थीं कि आदिवासी समाज की संस्कृति सबसे अच्छी और अनूठी है क्योंकि वह प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करती है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, सशक्त एवं प्रगतिशील भारत के निर्माण में अपनी दक्षता, दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व, अद्वितीय कार्यशैली एवं दूरदर्शिता से भारत निर्माण में अग्रणी योगदान देने वाली भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और हमारी आदर्श, इंदिरा गांधी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि।




चूहा- सुनती हो, शशि थरूर कह रहे हैं क्या प्रदूषण से दिल्ली अब राजधानी रह पाएगी ?

चुहिया- हां जी, छत्तीसगढ़ में नवा रायपुर अभी पूरा खाली पड़ा है।

## तिरुमाला बोर्ड ने गैर हिन्दू कर्मचारियों से कहा वीआरएस लो या कहीं और ट्रांसफर कराओ



**नई दिल्ली,** 19 नवंबर (न्यूज चैनल)। टीटीडी (तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड) ने गैर-हिन्दुओं को वीआरएस (इच्छा से रिटायरमेंट) या किसी दूसरे विभाग में तबादला करने का अनुरोध किया है. माना जाता है कि इससे लगभग 300 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं. सोमवार को प्रस्ताव भी पारित हुआ है. टीटीडी, एक स्वतंत्र सरकारी ट्रस्ट, तिरुपति में तिरुमाला वेंकटेश्वरा मंदिर की देखभाल करता है। ट्रस्ट के अध्यक्ष बीआर नायडू ने रिपोर्ट में कहा कि गैर-हिन्दुओं को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है. रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि बोर्ड के 7000 स्थाई कर्मचारियों में से यह करीब 300 को प्रभावित कर सकता है, साथ ही टीटीडी में करीब 14 हजार कॉन्ट्रेक्ट कर्मचारी भी हैं, और कई कर्मचारी यूनियनों ने इस निर्णय का समर्थन किया।

31 अक्टूबर को टीटीडी के अध्यक्ष बने नायडू ने कहा कि सिर्फ हिन्दुओं को ही मंदिर का काम देखना चाहिए. खास बात यह है कि टीटीडी एक्ट को अब तक तीन बार संशोधित किया गया है ताकि सिर्फ हिन्दुओं को टीटीडी बोर्ड और उससे जुड़े संस्थानों में नौकरी मिल सके. 1989 में सरकार ने आदे भी जारी किए, जिसमें टीटीडी पदों पर सिर्फ हिंदुओं को नियुक्त किया गया था. सूत्रों का दावा है कि इन प्रावधानों के बाद भी गैर हिन्दुओं का काम करना जारी है. मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने सत्ता में आने के बाद से ही हिन्दू कर्मचारियों से कथित तौर पर गैर हिन्दुओं के काम करने की शिकायतें मिल रही हैं. नायडू सरकार ने हाल ही में वाईएसआरसीपी सरकार में तिरुपति के प्रसाद के लड्डू बनाने में लगने वाले घी में जानवर की चर्बी मिलाई जा रही है।

## कुर्क होगा दिल्ली का हिमाचल भवन, हाईकोर्ट ने दिए आदेश

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार द्वारा लगभग 150 करोड़ रुपये की बिजली बकाया का भुगतान करने में विफल रहने के बाद हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने दिल्ली में हिमाचल भवन को कुर्क करने का आदेश जारी किया। हिमाचल भवन राष्ट्रीय राजधानी में मंडी हाउस में स्थित है। अदालत ने बिजली विभाग के प्रधान सचिव को लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान करने के लिए तथ्यान्वेषी जांच करने का भी निर्देश दिया है, जिसके कारण यह स्थिति पैदा हुई।

सुक्खू सरकार को बड़ा झटका

कोर्ट का यह फैसला सुक्खू सरकार द्वारा 64 करोड़ रुपये चुकाने के पिछले आदेशों की अनदेखी के बाद आया है, जो अब ब्याज के कारण बढ़कर लगभग 150 करोड़ रुपये हो गया है। सूत्रों ने बताया कि मामला लाहौल-स्पीति में चिनाब नदी पर 400 मेगावाट के सेली हाइड्रो प्रोजेक्ट से जुड़ा है। पहले की कार्यवाही में सरकार को कंपनी द्वारा जमा कराए गए 64 करोड़ रुपये और 7 प्रतिशत ब्याज लौटाने का आदेश दिया गया था। अदालत ने पहले सरकार को चेतावनी दी थी कि बकाया नहीं चुकाने पर गंभीर परिणाम होंगे। इसमें इस बात पर भी जोर दिया गया कि इसमें शामिल धनराशि राज्य के खजाने से थी। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली में हिमाचल भवन को कुर्क करने की खबरों पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मैंने उच्च न्यायालय का आदेश नहीं पढ़ा है लेकिन अग्रिम प्रीमियम एक नीति पर आधारित है जिसके तहत जब 2006 में ऊर्जा नीति बनाई गई थी, तो मैं मुख्य वास्तुकार था। हमने प्रति मेगावाट रिजर्व प्राइस रखा था, जिस पर कंपनियों ने बोली लगाई थी। अग्रिम प्रीमियम के मामले में मध्यस्थता द्वारा निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मध्यस्थता आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में गई और सरकार को मध्यस्थता में 64 करोड़ रुपये जमा करने पड़े। मैंने इस संबंध में जानकारी ली है और हम इस प्रकार के आदेश के बारे में अध्ययन करेंगे।

## अभिनेत्री मुनमुन सेन के पति भारत देव वर्मा का निधन



**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (न्यूज चैनल)। मनोरंजन जगत से एक दुखद खबर सामने आई है। खबर है कि दिग्गज एक्ट्रेस मुनमुन सेन के पति भारत देव वर्मा का आज कोलकाता में निधन हो गया। एक्ट्रेस राइमा और रिया सेन के सिर से उनके पिता का साया उठ गया है। इस समय पूरा परिवार सदमे में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत की तबीयत बिगड़ते ही उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए कोलकाता के ढाकुरिया स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल से एम्बुलेंस बुलाई गई थी। हालांकि, एम्बुलेंस उनके घर पहुंचने से पहले ही उन्होंने अंतिम सांस ली।मंगलवार सुबह कोलकाता स्थित घर में उन्होंने 83 की उम्र में अंतिम सांस ली। पति के अचानक दुनिया से चले जाने से मुनमुन सेन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## कर्नाटक के चित्रदुर्ग में फर्जी पहचान-पत्र के साथ छह बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (न्यूज चैनल)। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में अधिकारियों ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में छह बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। उन्होंने भारत में बसने के लिए कोलकाता से आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और पासपोर्ट सहित जाली पहचान दस्तावेज हासिल किए थे। इन कागजात को प्राप्त करने में उनकी सहायता करने वाले नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है। उन्हें आगे की पूछताछ के लिए बेंगलुरु ले जाया जाएगा।

हिरासत में लिए गए व्यक्तियों, शेख सैफुर रोहमन, मोहम्मद सुमन हुसैन अली, मजहरुल, सनोवर हुसैन, मुहम्मद साकिब सिकदर और अजीजुल शेख को होलकेरे रोड पर अरविंद गारमेंट्स और व्हाइट वॉश गारमेंट्स के पास धवलगिरी लेआउट के दूसरे चरण में संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि वे कई साल पहले पश्चिम बंगाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में आए थे। कर्नाटक के चित्रदुर्ग शहर में अवैध रूप से रह रहे कम से कम छह बांग्लादेशी नागरिकों को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा नियमित गश्त के दौरान उन्हें पकड़ा गया। ये लोग अवैध रूप से भारत में घुसे थे और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर यहां रह रहे थे। पकड़े गए लोगों की पहचान शेख सैफुर रोहमन, मोहम्मद सुमन हुसैन अली, मजहरुल, सनोवर हुसैन, मुहम्मद साकिब सिकदर और अजीजुल शेख के रूप में हुई है। वे होलकेरे रोड पर अरविंद गारमेंट्स और व्हाइट वॉश गारमेंट्स के पास धवलगिरी लेआउट के दूसरे चरण में संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए।

## छत्तीसगढ़ में नक्सल आपरेशन में मिल रही सफलता की पूरे देश में हो रही प्रशंसा : साय

**रायपुर,** 19 नवंबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीआरपीएफ के जवानों से कहा कि पिछले 11 महीनों के दौरान आप लोगों ने जिस तरह नक्सली आतंक को खत्म करने की दिशा में ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की हैं, उसकी पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। आप लोग परिवार से दूर रहकर और सुख-सुविधाओं को त्याग कर बस्तर के विकास में जो योगदान दे रहे हैं, उससे आप लोगों ने यहां के जनजातीय समुदायों के हृदय में अपने लिए हमेशा हमेशा के लिए जगह बना ली है। साय बस्तर जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सेडवा कैंप में जवानों को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अचानक सीआरपीएफ कैंप पहुंचने पर आश्चर्यमिश्रित खुशी के साथ ही जवानों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय ने सुरक्षा बलों के जवानों से आत्मीयतापूर्वक संवाद करते हुए कहा कि जब मैं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में चित्रकोट आया था, तो मेरी बड़ी इच्छा थी कि मैं आप सब जवानों से मिलूं। पिछले 11 महीनों में छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर जो सफलता मिली है, उसमें आप सभी का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान है। मैं आप सभी के साहस को नमन करता हूं। नक्सल अभियान में आप सभी को जो सफलता मिल रही है, उसकी पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जब भी मेरी मुलाकात होती है तो वे नक्सल अभियान में छत्तीसगढ़ को मिल रही सफलता का जिक्र जरूर करते हैं। गृह मंत्री अमित शाह का नक्सल ऑपरेशन में सतत मार्गदर्शन और सहयोग मिलते रहा है।



- बस्तर से नक्सल उन्मूलन में सुरक्षा जवानों की है अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका
- बस्तर प्रवास के दौरान जवानों का उत्साह बढ़ाने मुख्यमंत्री अचानक पहुंचे सीआरपीएफ कैंप
- जवानों के आग्रह पर सीआरपीएफ कैंप सेडवा में मुख्यमंत्री ने किया रात्रि विश्राम

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर में हमने नक्सलवाद को वर्ष 2026 तक समूल नष्ट करने का संकल्प लिया है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का भी यही संदेश है। बस्तर में पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों ने अल्प अवधि में ही 200 से ज्यादा नक्सलियों को ढेर कर दिया है। 740 से ज्यादा माओवादी कैडर्स ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वे हिंसा त्याग कर लोकतंत्र की मुख्य धारा में शामिल हो गए हैं।शासन ने हिंसा का त्याग करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास के लिए ऐसी नीति बनाई है कि आने वाले दिनों में और भी बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण करेंगे। सुरक्षा बल के जवानों द्वारा कैंप में रात्रि विश्राम करने के आग्रह पर उन्होंने कैंप में रात्रि विश्राम भी किया।

## किसानों ने 6 दिसंबर से दिल्ली चलो मार्च का किया ऐलान

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (न्यूज चैनल)। किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने सोमवार को घोषणा की कि वे अपनी लंबे समय से लंबित मांगों के समर्थन में 6 दिसंबर को नई दिल्ली तक शांतिपूर्ण मार्च शुरू करेंगे। चंडीगढ़ के किसान भवन में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, किसान नेताओं ने कहा कि पंजाब में हरियाणा और राजस्थान के रत्नपुर के साथ शंभू और खनौरी सीमाओं पर किसानों का धरना सोमवार को 280 दिन पूरे कर चुका है, लेकिन केंद्र की सरकार ने किसानों और खेत मजदूरों की मांगों को पूरा करने से इनकार कर दिया है। 13 फरवरी को तीन स्थानों पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था, जब किसानों और खेत मजदूरों ने अपना दिल्ली चलो मार्च शुरू किया था, लेकिन उन्हें हरियाणा सीमा पर रोक दिया गया था। किसान मजदूर संघर्ष समिति (केएमएससी) के प्रमुख जगजीत सिंह डल्लेवाल ने घोषणा की कि वह 26 नवंबर को अनिश्चितकालीन उपवास पर बैठेंगे और अगर मांगें पूरी नहीं हुई या सरकार बातचीत के लिए आगे नहीं आई, तो दिल्ली तक मार्च शुरू किया जाएगा।

CMYK